दक्षिणपश्चिमी पेंसिल्वेनिया आयोग

सार्वजनिक टिप्पणी अवधि और सार्वजनिक बैठकों के बारे में सूचना

दक्षिणपश्चिमी पेंसिल्वेनिया आयोग (एसपीसी) निम्नलिखित महत्वपूर्ण प्रारूप दस्तावेजों पर जन-साधारण की राय लेना चाहता है:

- *स्मार्ट मूव्स फॉर ए चेंजिंग रीजन* (अर्थात, बदलते क्षेत्र के लिए चतुर पहल) परिवहन और विकास योजना, जो इस क्षेत्र की प्राथमिकतापूर्ण सड़क-मार्ग की पहचान करती है, अगले 25-30 सालों में तरक्की करने के लिए पारगमन और बहुविध परिवहन सुधारों का कार्यक्रम
- स्मार्ट मूव्स फॉर ए चेंजिंग रीजन के पर्यावरणीय न्याय संबंधी लाभ और विघ्न आकलन
- *स्मार्ट मूव्स फॉर ए चेंजिंग रीजन के लिए वायु गुणवत्ता सुसंगता निर्धारण*

11 मई 2023 से ये प्रारूप दस्तावेज सार्वजनिक समीक्षा के लिए www.spcregion.org पर, पिट्सबर्ग शहर के शहर आयोजन विभाग में, काउंटी आयोजन विभागों में, और पूरे दक्षिणपश्चिमी पेंसिल्वेनिया के कई सार्वजनिक पुस्तकालयों में उपलब्ध रहेंगे।

एसपीसी के सार्वजनिक भागीदारी टीमें आपको इन प्रारूप दस्तावेजों के बारे में अधिक जानने के लिए एक सार्वजनिक बैठक में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। ये बैठकें खुले मंच के रूप में आयोजित की जाएँगी। इन बैठकों में आपको नक्शे देखने, एसपीसी, पेन-डॉट, पारगमन प्रचालक, और आयोजन विभागों के प्रतिनिधियों से बात करने, प्रश्न पूछने और टिप्पणी करने का अवसर मिलेगा।

बीवर काउंटी	11 मई 2023	अपराह्न 2-4 बजे	*आभासी बैठक - लिंक - https://www.spcregion.org/events/*
वाशिंग्टन काउंटी	15 मई 2023	अपराह्न 3-5 बजे	*कोर्टहाउस - स्कायर बिल्डिंग, 100 वेस्ट ब्यू स्ट्रीट, सुएट 103/104 वाशिंग्टन, पीए 15301*
इंडियाना काउंटी	18 मई 2023	अपराह्न 3-5 बजे	पीए *करियरलिंक बिल्डिंग, 300 इंडियन स्प्रिंग्स रोड, इंडियाना, पीए 15701*
लॉरेंस काउंटी	22 मई 2023	अपराह्न 11:30-1 बजे	*हचिसन कम्यूनिटी सेंटर, पियरसन पार्क ड्राइव, नेशानोक टाउनशिप, पीए 16105*
आर्मस्ट्रोंग काउंटी	23 मई 2023	अपराह्न 3-5 बजे	*बटलर कम्यूनिटी कॉलेज (बीसी3), 1100 4था एवेन्यू फोर्ड सिटी, पीए 16226*
पिट्सबर्ग शहर	25 मई 2023	अपराह्न 5:30 - 7:30 बजे	*आभासी बैठक - लिंक - https://www.spcregion.org/events/*
वेस्टमोरलैंड काउंटी	30 मई, 2023	अपराह्न 5-7 बजे	वेस्टमोरलैंड *काउंटी कोर्टहाउस, सार्वजनिक बैठक कक्ष, 2 एन मेइन स्ट्रीट ग्रीनबर्ग, पीए 15601*
फायेट काउंटी	31 मई 2023	अपराह्न 5:30-7:30 बजे	*2 डब्ल्यू मेइन स्ट्रीट (पहले द गैलाटिन बैंक बिल्डिंग), यूनियनटाउन, पीए 15401*
ग्रीन काउंटी	1 जून 2023	अपराह्न 5-7 बजे	*ग्रीन काउंटी करियर एंड टेक्नॉलजी सेंटर, 60 जिमेरमैन ड्राइव वेन्सबर्ग, पीए 15370*
बटलर काउंटी	6 जून 2023	अपराह्न 5-6:30 बजे	*आभासी बैठक - लिंक - https://www.spcregion.org/events/*
अलेगेनी काउंटी	8 जून 2023	अपराह्न 6-7:30 बजे	*आभासी बैठक - लिंक - https://www.spcregion.org/events/*

एसपीसी के प्रतिनिधि सभी बैठकों में इन प्रारूप दस्तावेजों पर दी गई टिप्पणियों को स्वीकार करेंगे। लिखित टिप्पणियाँ ऑनलाइन पर **www.surveymonkey.com/r/SPC_Public_Input** पर भी जमा की जा सकती हैं, या ***comments@spcregion.org*** को ईमेल की जा सकती हैं, या डाक द्वारा ***SPC Comments at PO Box 101429, Pittsburgh, PA 15237*** को भेजी जा सकती हैं, या ***(412) 391-9160*** को फैक्स की जा सकती हैं।

सभी टिप्पणियाँ शुक्रवार, 9 जून को अपराह्न 4 बजे तक आ जानीं चाहिए।

दक्षिणपश्चिमी पेंसिल्वेनिया आयोग (एसपीसी) उसके द्वारा प्रशासित कार्यक्रमों और गतिविधियों पर लागू होने वाले नागरिक अधिकार कानूनों, कार्यपालक के आदेशों, विनियमों और नीतियों की भेद-भाव निषेध आवश्यकताओं का अनुपालन करने के प्रति कटिबद्ध है। तदनुसार, एसपीसी इसे सुनिश्चित करने के प्रति दृढ़ संकल्प रखता है कि बिना नस्ल, रंग, राष्ट्रीय उद्गम स्थान, लिंग, उम्र, अक्षमता या आर्थिक स्थिति का लिहाज किए कार्यक्रम के लाभार्थियों को सार्वजनिक भागीदारी के अवसर मिलते हैं। बैठक के स्थल अक्षमता-युक्त लोगों के लिए सुगम्य हैं और उन तक सार्वजनिक परिवहन साधनों से पहुँचा जा सकता है। एसपीसी भाषा, वाणी, दृष्टि या श्रवण आवश्यकता वाले व्यक्तियों को सहायक सेवाएँ मुहैया करेगा, बशर्ते इनकी माँग बैठक से 3 दिन पहले की जाए। 3 दिन से कम समय में प्राप्त हुए अनुरोधों को पूरा करने की कोशिश एसपीसी संसाधन उपलब्ध रहने की सीमा तक करेगा। कृपया इन सहयोगी सेवाओं का अनुरोध रोंडा क्रेइग को (412) 391-5590, विस्तार 0372 पर, अथवा rcraig@spcregion.org पर भेजें। यदि आप मानते हों कि आपको भागीदारी के अवसरों से वंचित किया गया है, अथवा अन्य रीति से एसपीसी द्वारा प्रशासित कार्यक्रमों या गतिविधियों में आपके साथ भेद-भाव बरता गया है, तो आप हमारे शिकायत प्रक्रिया दस्तावेज में बताई गई कार्यविधियों का अनुसरण करके शिकायत दर्ज कर सकते हैं, या इस उद्देश्य से एसपीसी के शीर्षक 6 समायोजक को (412) 391-5590 पर कॉल कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, अथवा शीर्षक 6 भेद-भाव शिकायत फॉर्म प्राप्त करने के लिए कृपया www.spcregion.org पर हमारी वेबसाइट देखें या 412-391-5590 पर कॉल करें।

पारगमन सेवा जानकारी - अलेगेनी काउंटी में पारगमन सेवाओं के बारे में जानकारी के लिए कृपया पिट्सबर्ग क्षेत्रीय पारगमन ग्राहक सेवा को 412-442-2000 पर कॉल करें। अन्य काउंटियों में पारगमन के बारे में जानकारी के लिए कृपया www.commuteinfo.org/comm_trans.shtml पर पधारें अथवा 1-888-819-6110 पर कॉल करें।

यह सूचना बीवर काउंटी पारगमन अधिकरण, बटलर पारगमन अधिकरण, फायेटा क्षेत्र समायोजित पारगमन, मिड मोन वैली पारगमन अधिकरण, अलेगेनी काउंटी के पत्तन अधिकरण, वाशिंग्टन काउंटी पारगमन अधिकरण, वेस्टमोरलैंड काउंटी पारगमन अधिकरण, एसपीसी, और कम्यूट-इन्फो, जो एसपीसी का एक कार्यक्रम है, के शहरीकृत क्षेत्र फॉर्म्युला कार्यक्रम की परियोजनाओं के कार्यक्रमों की आवश्यकताओं को पूरा करती है।